**अति महत्वपूर्ण**

**बिहार सरकार**
**समाज कल्याण विभाग**
संचिका सं०- EST-265/4/2020- 4677

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
समाज कल्याण विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी पदाधिकारी,
बिहार बाल विकास सेवा,
बिहार सामाजिक सुरक्षा सेवा,
बिहार बाल संरक्षण सेवा,
बिहार दिव्यांगजन सशक्तिकरण सेवा,
बिहार।

**विभागीय वेबसाईड पर प्रदर्श हेतु**

पटना, दिनांक- 12.6.2025

**विषय :-** **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजना अंतर्गत Cadre Management Module के लिए राज्य के निमित कर्मियों के वर्तमान धारित पद एवं सेवा/संवर्ग का Mapping कार्य के संबंध में।**

प्रसंग :- बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के पत्रांक-1135, दिनांक-10.06.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि विभागीय पत्रांक-2261 दिनांक-01.04.2025 द्वारा मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजना अंतर्गत Cadre Management Module के लिए राज्य के निमित कर्मियों के वर्तमान धारित पद एवं सेवा/संवर्ग का Mapping कार्य पूर्ण करने हेतु सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को Cadre Mapping का कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया था परंतु Cadre Mapping का कार्य की प्रगति काफी धीमा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव, बिहार के पत्रांक-1135 दिनांक-10.06.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि "वैसे निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिनके द्वारा 30.06.2025 तक उनके स्थापना के सभी नियमित कर्मियों का कैडर मैपिंग कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता है उनका माह जून, 2025 का वेतन, कार्य पूर्ण होने तक स्थगित रखा जाए" (प्रति संलग्न)

अत: उक्त के आलोक में सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया जाता है कि अपने स्तर पर Cadre Management Module अंतर्गत Cadre Mapping का कार्य ससमय शत्-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।

इस कार्य हेतु किसी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए विभागीय आई०टी० प्रबंधक श्रीमती सुप्रिया कुमारी, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना (मोबाइल सं०-7759895741) से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

**इसे अत्यावश्यक समझा जाय।**

अनुलग्नक :- यथोक्त।

विश्वासभाजन

12/6/25

विशेष कार्य पदाधिकारी
समाज कल्याण विभाग।

पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02/2024, सो०– 1135
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा,
मुख्य सचिव, बिहार।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, सभी विभाग।
पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना।
सभी प्रमंडलीय आयुक्त।
सभी जिला पदाधिकारी।

पटना, दिनांक– 10/06/2025

विषयः– **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजना अंतर्गत नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा/संवर्ग का मैपिंग कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी का पत्रांक– 885, दिनांक–09.05.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली अंतर्गत राज्य के नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा/सवर्ग के अनुसार कैडर मैपिंग का कार्य सबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा है। प्रासंगिक पत्र द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत है। इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

विदित हो कि मिशन सोसाइटी द्वारा कैंडर मैपिंग कार्य की विभागवार एव निकासी एव व्ययन पदाधिकारी द्वारा किये जा रहे कार्य का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है तथा प्रतिदिन सबंधित प्रगति प्रतिवेदन सभी विभाग को उनके ई–मेल पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा कैडर मैपिंग का कार्य 26. मई 2025 तक पूर्ण करने का अनुरोध किया गया था परंतु इस संबंध में प्रगति अत्यंत धीमी है।

अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से इसकी नियमित समीक्षा की जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा मे यह कार्य पूर्ण किया जा सके। वैसे निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिनके द्वारा 30 जून, 2025 तक उनके स्थापना के सभी नियमित कर्मियों का कैडर मैपिंग कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता है उनका माह जून, 2025 का वेतन, कार्य पूर्ण होने तक स्थगित रखा जाए।

विश्वासभाजन,

9/6/25
(अमृत लाल मीणा)
मुख्य सचिव, बिहार।

/eSCL/ScannerStatus HTTP/1.1
: localhost